


नवभारत
भोपाल, शनिवार 27 दिसम्बर, 2025


## एक नजर में

### पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**तलेन 26 दिसम्बर, सं.** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेंटर तलेन में ईश्वरीय विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभाग के पूर्व अध्यक्ष ब्रह्माकुमार ओमप्रकाश भाईजी की पुण्यतिथि मनाई गई . जिसमें नगर तलेन के थाना प्रभारीराकेश दामले मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए . साथ ही चंदरसिंह उस्ताद, मानसिंह फौजी, शिवप्रसाद शर्मा, चैतन्यस्वरूप माथुर, अशोक माहेश्वरी, रामनारायण तिवारी, अरुण अग्रवाल एवं ईश्वरीय परिवार के अन्य भाई बहन उपस्थित रहे . सभी भाई बहनों ने प्रकाश भाई जी को पुष्प माला अर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं सभी गणमान्य नागरिकों द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए . एवं बीके देव दीदी के द्वारा भाईजी के जीवन पर प्रकाश डाला गया . इसके पश्चात भोग लगाकर सभी को प्रसाद वितरित किया गया .

### महाविद्यालय में मनाया वीर बाल दिवस

**ब्यावरा 26 दिसम्बर, का .** नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय महाविद्यालय ब्यावरा में संचालित एनएसएस इकाई, एनसीसी एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में वीर बाल दिवस मनाया गया . एनएसएस अधिकारी डॉ के एन मीना ने कहा कि यह दिवस सिख धर्म के दसवें गुरु और खालसा पंथ के प्रवर्तक गुरु गोविंद सिंह के छोटे साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह की शहादत को याद करने के लिए मनाया जाता है . प्रभारी प्राचार्य प्रो अरविंद भारद्वाज द्वारा विद्यार्थियों को अपने धर्म, अपने कर्तव्य पथ पर अडिग रहने की प्रेरणा दी . प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ दिलीप कुमार गुप्ता ने कहा है कि यह दिवस हमें साहस, बलिदान और धर्म के प्रति निष्ठा की सीख देता है . डॉ नमिता जैन और डॉ एच एल प्रजापति ने वीर बाल दिवस के इतिहास पर अपने विचार रखें . प्रो हेमंत कुमार शर्मा ने आभार अभिव्यक्त किया . इस कार्यक्रम में डॉ मनीष झाला सहित महाविद्यालयीन स्टॉफ एवं एनएसएस, एनसीसी के विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही .

### पीएम उमावि के छात्र पहुंचे उज्जैन

**नवभारत न्यूज, जीरापुर 26 दिसम्बर, सं .** समीपवर्ती ग्राम गागोरनी स्थित पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों द्वारा उज्जैन पहुंचकर खगोल विज्ञान की जानकारी ली, महांकाल लोक का भ्रमण किया . कक्षा 9 से 12 वीं के व्यवसायिक शिक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय उज्जैन का शैक्षणिक भ्रमण कर आई टी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर की जानकारी प्राप्त की . उज्जैन स्थित भारतीय प्राचीन खगोल विज्ञान केन्द्र वैधशाला में खगोल विज्ञान संबंधी जानकारी प्राप्त की साथ ही आब्जर्वेट्री के ऐतिहासिक महत्व को भी जाना . महांकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर छात्रों द्वारा महाकाल लोक का भ्रमण किया गया . शैक्षणिक भ्रमण प्रभारी प्राचार्य रमेश चंद्र दांगी के निर्देशन शिक्षक आशीष शर्मा , सुनीता शर्मा, हेमलता जोईया, सलोनी गुप्ता, ईश्वर सिंह पंवार, कमलसिंह दांगी, कमल कुंभकार , ईश्वर सिंह तोमर, निलेश शर्मा उपस्थित रहे . शैक्षणिक भ्रमण में विद्यार्थियों को व्यवसायिक,ओद्योगिक के साथ धार्मिक महत्व को भी बताया गया .

# जिला अस्पताल का स्टोर रूम सुलगा

## दवाइयों सहित स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी लाखों की सामग्री जलकर नष्ट

**लाखों की दवा सामग्री आग में हुई स्वाहा, मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू**

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 26 दिसम्बर, का. जिला चिकित्सालय में स्थित मुख्य स्टोर रुम मे शुक्रवार की दोपहर बाद एकाएक आग सुलग उठी, देखते ही देखते आग ने भयावह रुप ले लिया. आग में लाखों रुपये कीमती दवाईयां, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी सामग्री जलकर नष्ट हो गई. काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका. भीषण आगजनी में हुए नुकसान का आंकलन किया जा रहा है.**

जानकारी के अनुसार जिला चिकित्सालय में स्थित मुख्य स्टोर के पीछे वाले हिस्से में शाम करीब 4 बजे एकाएक धुआं उठते हुए देखा गया. जब तक मांजरा समझ आता आग भभक उठी. देखते ही देखते आग ने भयावह रुप ले लिया.



### जो आग से बचा वह पानी से हुआ खराब सवा घंटे तक उठती रहीं लपटें

भयावह आग के कारण लाखों रुपये कीमत की दवाईयां जो कि स्टोर में रखी थी स्वाहा हो गई, जो कुछ दवाएं, सामग्री आग से बची तो वह आग बुझाने के दौरान पानी की तेज फुहारों से खराब हो गया . इस तरह लाखों रुपये का नुकसान होने का अंदेशा है . नुकसान का आंकलन किया जा रहा है . बताया जाता है कि समीप डीपी में कोई फाल्ट हुआ था इसके बाद मुख्य स्टोर में रखे फीज में फाल्ट हुआ और उससे आग भभक उठी . इस आग ने देखते ही देखते ही विकराल रुप ले लिया . जानकारी लगते ही राजगढ़ नगर पंचायत परिषद की दोनों दमकले मौके पर पहुंची तथा आग को बुझाने में जुट गई . आग बढ़ती ही जा रही थी . काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका . खिलचीपुर एवं ब्यावरा नपा की फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंची किंतु जब तक आग पर काबू पाया जा सका था . स्टोर रुम में एक दीवार के यहां पुरानी बंद शटर को जेसीबी के द्वारा तोडकेर वहां से दमकल द्वारा पानी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया . आग की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि आग बुझाने में सवा घंटे का समय लगा .

**महज घटना या फिर कोई साजिश–** राजगढ़ जिला चिकित्सालय के मुख्य स्टोर में लगी आग महज एक घटना है या फिर किसी साजिश का हिस्सा, यह भी एक जांच का विषय है . जिस जगह आग लगी वह कोई साधारण स्टोर नहीं बल्कि जिले भर की सरकारी दवाइयों का बफरिंग स्टॉक यहां रहता है . था–जहां लाखों रुपये की दवाइयां और उनसे जुड़ा पूरा डिजिटल रिकॉर्ड रखा रहता है . आग ने न सिर्फ दवाइयों को राख कर दिया, बल्कि खरीद, भंडारण और वितरण से जुड़े सारे दस्तावेज भी नष्ट कर दिये .

### स्टोर के पीछे वाले भाग में सुलगी आग

जानकारी के अनुसार मुख्य स्टोर के पीछे वाले भाग तरफ से आग सुलगी जिसने कुछ ही देर में विकराल रुप ले लिया . आग की घटना से अफरा–तफरी मच गई . बड़ी संख्या में कर्मचारी, नागरिक मौके पर जा पहुंचे तथा दमकलों के साथ ही आग बुझाने के कार्य में जुट गये . जिला चिकित्सालय के मुख्य स्टोर में आग लगनी की जानकारी जैसे ही लगी पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे . एसडीएम निधी भारद्वाज, एसडीओपी अरविंद सिंह, नपाध्यक्ष विनोद साहू, थाना प्रभारी, नपा की टीम, जिला चिकित्सालय प्रबंधन के अधिकारी, कर्मचारी मौके पर पहुंचे . दमकल की गाडियां समय पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि इतनी अहम जगह पर सुरक्षा इंतजाम आखिर थे कहां . क्या यह आग सिर्फ शॉर्ट सर्किट थी, या फिर शासकीय दवाइयों के स्टॉक और रिकॉर्ड में छिपे किसी बड़े घोटाले को मिटाने की कोशिश, क्योंकि जब आग सिर्फ दवाइयों तक सीमित नहीं रहती और पूरा डिजिटल रिकॉर्ड ही खाक हो जाता है, तो शक होना स्वाभाविक है .




# नगर पालिका के स्टोर रूम में चोरी करने वाले धराए

**नवभारत न्यूज**

**नरसिंहगढ़ 25 दिसम्बर, सं. बीते दिनों नपा के फूलबाग स्थित स्टोर रूम में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से शत–प्रतिशत मशरूका बरामद कर लिया है, जिसकी कुल कीमत करीब 1 लाख 50 हजार रुपये बताई जा रही है.**

गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपियों का शहर में जुलूस भी निकाला. पुलिस के अनुसार 24 दिसंबर की मध्यरात्रि नपा स्टोर रूम के ताले तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा कंप्यूटर सेट सहित अन्य सामग्री चोरी कर ली गई थी. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच मामले की छानबीन कर अज्ञात आरोपियो पर धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई. पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर चार आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया. आरोपियों के कब्जे से कंप्यूटर सेट, सीपीयू, मॉनिटर, की–बोर्ड, माउस, 9 चिप, 6 बंडल तार, एक गैस सिलेंडर तथा घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद की गई.

गिरफ्तार आरोपियों में विशाल पिता गोकुल कुशवाह, दीपक पिता भंवर कुशवाह, विजय पिता जगदीश कुशवाह तथा अलकेश पिता मोतीलाल सूर्यवंशी, सभी निवासी बलवटपुर शामिल हैं. गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपियों का नगर के प्रमुख मार्गों से जुलूस निकालकर आमजन को अपराधियों के प्रति सख्त संदेश दिया. इस दौरान थाना प्रभारी शिवराज सिंह सहित पुलिसकर्मी मौजूद थे.




# पेंशनरों ने कहा आयुष्मान कार्ड का लाभ 60 की उम्र से मिले

**नवभारत न्यूज**

**सारंगपुर 25 दिसम्बर, सं.** मध्य प्रदेश प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन भोपाल का जिला स्तरीय आयोजित वार्षिक सम्मान समारोह जिला राजगढ़ में गत दिवस संपन्न हुआ मुख्य अतिथि ओमप्रकाश बुधोलिया प्रांत अध्यक्ष एवं अध्यक्षता, जिला पेंशनर्स संघ संरक्षक, एवं मध्य प्रदेश खादी ग्राम उद्योग बोर्ड के उपाध्यक्ष पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा ने की. पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी सहित पेंशनरप्रांतीय पदाधिकारी मंचासिन रहे. उनका हार्दिक अभिनंदन करते सम्मानित किया गया. समारोह में सारंगपुर शाखा अध्यक्ष/ प्रांतीय सचिव लक्ष्मी नारायण त्रिकार एवं शाखा सचिव नंदकिशोर सोनी सहित विभिन्न पदाधिकारी गंगाराम सिरोलिया, दिनेश पाठक, सिद्धू प्रसाद धनगर, देवी सिंह रातलिया, शिवनारायण मालवीय, ने शाखा सारंगपुर की ओर से प्रतिनिधित्व किया इस दौरान जिले की विभिन्न 12 पेंशनर्स शाखाओं के अध्यक्ष सहित पेंशनर्स सदस्य भारी संख्या में उपस्थित रहे. ओमप्रकाश बुधौलिया प्रांत अध्यक्ष ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए विस्तार से बताया.

सरकार के प्रति असंतोष जताते हुए यह भी कहा वर्तमान में पुनर्गठित पेंशनर्स कल्याण बोर्ड में हमारे संगठन को सम्मिलित नहीं करना दुखद है. सभा को संबोधित करते हुए श्री त्रिकार ने कहा कि आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ पेंशनर्स को 70 वर्ष की उम्र के बजाय 60 वर्ष की उम्र से ही लाभ दिया जाना चाहिए. शाखा सारंगपुर की और से समारोह के सफल आयोजन के लिए विशेष कर जिलाध्यक्ष पंडित दिनेश कुमार नागर, महामंत्री रमेश चंद्र शर्मा, शाखा अध्यक्ष पी. डी. सक्सेना, सक्रिय साथी आयोजकों को धन्यवाद ज्ञापित किया है.

### अटलजी को याद किया

**खिलचीपुर 25 दिसम्बर, सं. भारत रत्न** अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती के अवसर पर भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता का संदेश देते हुवे नगर के बस स्टैंड पर स्थित जय स्तंभ पर सफाई की. इस मौके पर मंडल अध्यक्ष बद्रीलाल दांगी, भाजपा मंडल प्रभारी ओमप्रकाश गुप्ता ने अटल जी के जीवन पर प्रकाश डाला. इस मौके पर पूर्व नप अध्यक्ष डॉ दीपक नागर, उपाध्यक्ष प्रेम मालाकार,महेश मालाकार, ललित सोनी, संकेत जावा आदि शामिल हुए.

# बावड़ीखेड़ा के बच्चों को मिला सुनहरा अवसर

**नवभारत न्यूज**

**तलेन 25 दिसम्बर, सं.** मध्य प्रदेश राज्य शासन की ओर से समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत आज शासकीय हाई स्कूल बावड़ीखेड़ा के कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा के मेरिट लिस्ट के टॉपर प्रिया धनगर(99 प्रतिशत) एवं निकिता जाटव (91 प्रतिशत)को प्रदेश से बाहर गुजरात राज्य के राजकोट स्थित 10 दिवसीय नि:शुल्क शैक्षिक भ्रमण का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ. जो कि दिनांक 24 दिसंबर 2025 से 5 जनवरी 2026 तक पूर्ण किया जाएगा. इस दौरान बच्चों को अहमदाबाद स्थित उच्च शैक्षणिक संस्थान एवं सरदार सरोवर बांध स्टैचू ऑफ यूनिटी ले जाया जावेगा. बच्चों की इस सफलता के लिए विद्यालय के प्रभारी शिक्षक श्री अविनाश सोनी एवं सभी विद्यालय परिवार की ओर से दोनों बच्चों को मंगल यात्रा की शुभकामनाएं दी गई.



### सांसद खेल महोत्सव में बालिकाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**छापीहेड़ा 25 दिसम्बर, सं.** सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छापीहेड़ा की बालिकाओं ने विभिन्न खेल विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए श्रेष्ठ स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया. प्रतियोगिता में नींबू रेस में सरिता भिलाला ने प्रथम स्थान, नयना नागर ने तृतीय स्थान, गिल्ली डंडा प्रतियोगिता में निशा सेन ने प्रथम एवं निशा दाँगी ने द्वितीय, योग प्रतियोगिता में नयना नागर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया. वहीं रस्सा कसी प्रतियोगिता में सरिता दाँगी के नेतृत्व वाली टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर सराहनीय उपलब्धि हासिल की. जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजन स्थल राजगढ़ स्टेडियम में बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया. इस सफलता में विद्यालय के क्रीड़ा शिक्षक विनोद यादव के साथ शिक्षक ओमप्रकाश खटीक, ओम प्रकाश शर्मा, हरीश पाटीदार, राधेश्याम दाँगी एवं गौरीलाल सौंधिया का मार्गदर्शन रहा.

# देश के कीर्तिपुरुष थे अटल जी, उनका सुशासन समाज याद रखेगा

**नवभारत न्यूज**

**तलेन 25 दिसम्बर, सं.** भाजपा मंडल तलेन द्वारा भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री और महामना पं. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती मनाई गयी. स्थानीय बस स्टेण्ड पर भाजपा जनो द्वारा अटलजी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके सुशासन को याद किया. इसके बाद शासकीय अस्पताल पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किये. इस मोके पर भाजपा मंडल तलेन के अध्यक्ष विजय सिंह रुहेला, जगदीश यादव रिटायर शिक्षक, धार्मिक उत्सव समिति अध्यक्ष चंद्र सिंह यादव, डॉक्टर कैलाश वैष्णव सरपंच प्रतिनिधि, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि भारत सिंह यादव, शिव प्रसाद शर्मा, पूर्व पार्षद एवं पत्रकार अवध उपाध्याय, रिटायर्ड फौजी मानसिंह यादव, अरुण यादव, लखन यादव, पार्षद आजाद वंशकार, महेश यादव, पप्पू अहिरवार, मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र राजपूत सहित कई भाजपा कार्यकर्ता गण मौजूद रहे.



### आवेदक को मिली पांच हजार की आर्थिक सहायता

**राजगढ़ 26 दिसम्बर, का.** कलेक्ट र डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा आवेदक जगदीश को रेडक्रॉस से पांचहजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदाय की गई. आवेदक जगदीश ने बताया कि आवेदक बीमार होने के कारण मजदूरी करने में असमर्थ है। साथ ही आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण परिवार का भरण पोषण करने में परेशानी आ रही है.

# कृष्णावेली स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव

**नवभारत न्यूज**

**छापीहेड़ा 26 दिसम्बर, सं. कृष्णा वैली इंटरनेशनल विद्यालय छापीहेड़ा में वार्षिक खेल महोत्सव नवतरंग का भव्य आयोजन हुआ. अतिथि तहसीलदार खिलचीपुर विनीत गोयल प्रबंधक द्वारका प्रसाद गांधी,डायरेक्टर निखिल गांधी, श्रीमति पूजा गांधी उपस्थित रहे.**

अतिथि वक्ताओं ने विद्यार्थियों को खेलों के माध्यम से जीवन में अनुशासन, संघर्ष और टीम भावना अपनाने की प्रेरणा दी. विद्यार्थियों ने अनुशासित एवं प्रेरणादायक मार्च पास्ट किया. विद्यालय परिषद सदस्यों द्वारा मशाल रैली निकाली गई. पूरा वातावरण उत्साह, अनुशासन और खेल भावना से ओत–प्रोत रहा. प्राचार्य प्रसाद तरानेकर, एकेडमिक हेड यादवेन्द्र गुप्ता ,शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे. विद्यार्थियों द्वारा नृत्य आदि रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुंदर प्रस्तुति दी. जिसने मंत्रमुग्ध कर दिया. खेल भावना को सुदृढ़ करने हेतु डायरेक्टर निखिल गांधी द्वारा खेल शपथ दिलाई गई, विद्यार्थियों ने ईमानदारी, निष्पक्षता और खेल भावना से प्रतियोगिता में भाग लेने का संकल्प लिया. खेल प्रतियोगिताओं की श्रृंखला में खो–खो का फाइनल मुकाबला विशेष आकर्षण का केंद्र रहा.



**अव्यवस्था** राजगढ़ रोड पर स्थित शाउमावि को अतिरिक्त कक्षों की दरकार, शौचालय भी ठीक नहीं

# साढ़े 5 सौ विद्यार्थियों को बैठने के लिए 6 कमरे, भवन का अभाव

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 26 दिसम्बर, का.** शासन द्वारा शिक्षा पर जोर देते हुए लाखों, करोड़ों रुपये की लागत से विशालकाय बिल्डिंग निर्माण, सुविधाजनक बैठक व्यवस्था सहित अन्य सुविधाएं प्रदान की जा रही है ताकि शिक्षा के स्तर में सुधार होकर अधिकाधिक बच्चे स्कूलों तक पहुंचकर शिक्षा ग्रहण कर सके किंतु कई जगह धरातल पर हालात चिंताजनक है, नगर के राजगढ़ रोड पर शासकीय बालक उमावि (बड़ास्कूल) कुछ ही कमरों में संचालित हो पा रहा है. यहां भवन के अभाव के बीच टॉयलेट की दुर्गति का सामना भी विद्यार्थियों को करना पड़ रहा है. जबकि यह नगर की सबसे पुरानी शैक्षणिक संस्था है.




### अतिरिक्त कक्ष के लिए दे चुके पत्र

शाला में अतिरिक्त कक्ष के निर्माण हेतु ब्लॉक शिक्षा विभाग द्वारा वरिष्ठ कार्यालय को पत्र लिखकर अवगत कराया जा चुका है . साथ ही स्कूल को हायर सेकेण्डरी में उन्नयन की मांग भी की जा रही है ताकि इसका लाभ विद्यार्थियों को मिल सके .

विदित है कि शासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी राशि खर्च की जा रही है, फिर भी कुछ जगह पर भवन, स्टॉफ सहित मूलभूत सुविधाओं का अभाव बच्चों की शिक्षा में बाधक बन रहा है. स्थानीय राजगढ़ रोड पर शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक नगर का सबसे पुराना स्कूल है.

### पुराना भवन जर्जर, कुछ कमरे में चल रहा स्कूल



बड़े स्कूल के नाम से विख्यात शा . उमावि का पुराना भवन काफी जीर्णशीर्ण अवस्था में होने के बाद इसमें कक्षाओं का संचालन बंद कर दिया गया तथा समीप बने कुछ अतिरिक्त कक्षों में ही समूचा स्कूल चलाया जा रहा है . इन्हीं में बीईओ ऑफिस भी संचालित है . कमरों की कमी के कारण यहां दो शिफ्ट में स्कूल संचालित किया जा रहा है . सुबह 7 .30 से दोपहर 12 एवं 12 से शाम 5 बजे तक कक्षाएं लग रही है . यहां स्टॉफ तो पर्याप्त है, जिन विषयों के शिक्षक नहीं है उनकी जगह अतिथि शिक्षकों को रखा गया है . हालांकि अंग्रेजी विषय का यहां स्थाई शिक्षक नहीं है .

### टॉयलेट हो रही चोक

स्कूल में बड़ी संख्या में विद्यार्थी अध्ययनरत् है . किंतु यहां पर स्थित टॉयलेट काफी समय से चौक है . ऐसे हालात में टॉयलेट का उपयोग भी छात्र नहीं कर पाते है . टॉयलेट की दुर्गति के कारण छात्रों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है .

# मास्टरमाइंड स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव सम्पन्न

**नवभारत न्यूज**

**सारंगपुर 25 दिसम्बर, सं. नगर के सीबीएसई मास्टरमाईंड विद्यालय में वार्षिक खेल महोत्सव की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई. मुख्य अतिथि के रूप में सारंगपुर एसडीओपी अरविंद सिंह एवं संस्था के प्राचार्य रंजना सक्सेना एवं डायरेक्टर सीपी पाटीदार ने शुभारंभ किया गया. इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर सीपी पाटीदार एवं प्राचार्य रंजना सक्सेना एवं खेल शिक्षक रजत शर्मा, जितेंद्र प्रजापति एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे.**

मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण कर मशाल प्रज्वलन के साथ खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया. इसके पश्चात विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने सभी हाउस के बच्चों द्वारा पीटी का आयोजन किया गया.

पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह उमंग और खेल भावना का अद्भुत वातावरण हो गया. मुख्य अतिथि के रूप में आए एसडीओपी अरविन्द सिंह ने समस्त स्टाफ एवं छात्र–छात्राओं की प्रशंसा की. अतिथियों ने कहा कि चैंपियंस तब तक खेलते रहते हैं जब तक वह इसे सही नहीं कर लेते यदि जीवन का कोई एक क्षेत्र है जो हमें दृढ़ता, धैर्य के बारे में सबसे मूल्यवान सबक सिखाती है जो वास्तव में एक आदर्श चरित्र का निर्माण करता है तो वह खेल है.